# व्यक्ति को नशा मुक्त बनाने के लिए उसकी दिनचर्या में भी करना चाहिए बदलाव



**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि में मंगलवार को समाज कार्य विभाग व एनएसएस के समन्वय से नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज से मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील गर्ग ने बतौर मुख्य वक्ता नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे का सेवन हमारे समाज में आर्थिक, सामाजिक, मानसिक व पारिवारिक रूप से नकारात्मक प्रभाव डालता है।

महिला विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के साथ उनके भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सकेगा वहीं विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। आज हर उम्र का व्यक्ति नशे की जद में आ रहा है। नशा न केवल आर्थिक व शारीरिक नुकसान कर रहा है, बल्कि समाज में अराजकता भी फैल रही है, जो बहुत ही भयावह होती जा रही है। इसके बाद माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की सहायक प्रोफेसर डॉ. ममता रानी ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान व नेशनल टोल फ्री नंबर 14449 की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. एपी नायक, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रविंद्र कौर , डॉ. नूतन , डॉ. नितिका , डॉ. शीला , डॉ. प्रीति आदि मौजूद रहे।

# समाज को खोखला कर रहा है नशा : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के समाज कार्य विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय से नशा मुक्ति अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजू पंवार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने शिरकत की।

महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। आज की युवा पीढ़ी नशे की जद में आ रही है जो एक गहन चिंता का विषय है। समाज में जागरूकता के माध्यम से नशे को रोका जा सकता है। समाज कार्य विभाग की यह पहल समाज के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। कुलपति ने कहा कि नशा न केवल आर्थिक व शारीरिक नुकसान कर रहा है अपितु समाज में अराजकता भी फैल रही है। कुलसचिव प्रो. शिवालिक ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिएं। कार्यक्रम में भगत फूल सिंह राजकीय महिला आयुर्विज्ञान संस्थान के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील गर्ग और एमएसएम आयुर्वेद महाविद्यालय की सहायक प्रो. डॉ. ममता ने भी नशा मुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. एपी नायक, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. परविंदर कौर, डॉ. नूतन, डॉ. नितिका, डॉ. शीला, डॉ. प्रीति, हॉस्टल वार्डन व अटेंडेंट की छात्राएं मौजूद रहीं।

# समाज को खोखला कर रहा नशा, जागरूकता जरूरी : प्रो. सुदेश



महिला विश्वविद्यालय में कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व प्रतिभागी। सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। आज हर उम्र का व्यक्ति नशे की जद में आ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता फैला कर नशे को रोका जा सकता है। नशा न केवल आर्थिक व शारीरिक नुकसान कर रहा है, अपितु समाज में अराजकता भी फैल रही है।

कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। इससे युवाओं में नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूकता को बढ़ाया जा सकता है और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सकता है। आयुर्विज्ञान संस्थान के मनोरोग विशेषज्ञ डा. सुनील गर्ग ने बताया कि नशे का सेवन हमारे समाज में आर्थिक, सामाजिक, मानसिक व पारिवारिक रूप से नकारात्मक प्रभाव डालता है। डा. ममता रानी ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। अध्यक्षता समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष डा. मंजू पंवार ने की। इस मौके पर डा. एपी नायक, डा. दीपाली माथुर, डा. ज्ञान मेहरा, डा. परविंद्र कौर, डा. नूतन, डा. नितिका रहे।

# नशा मुक्ति अभियान का आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व प्रतिभागी।

गोहाना, 1 अप्रैल (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय से नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू पंवार ने की जबकि बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर शिवालिक यादव ने शिरकत की। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। आज हर उम्र का व्यक्ति नशे की जद में आ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता फैला कर नशे को रोका जा सकता है।

# समाज में जागरूकता से नशे पर लगेगी रोक : कुलपति




खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विवि में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि, स्टाफ सदस्य व छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## भगत फूल सिंह महिला विवि में नशामुक्ति पर कार्यक्रम आयोजित

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय ने नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें मुख्यातिथि के रूप में महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर शिवालिक यादव ने शिरकत की। अध्यक्षता समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू पंवार ने की।

महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नशा समाज को खोखला करता है। आज हर उम्र का व्यक्ति नशे की जद में आ रहा है। समाज में जागरूकता फैलाकर ही नशे को रोका जा सकता है। विभाग की यह पहल समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। कुलपति ने कहा कि नशा न केवल आर्थिक व शारीरिक नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज में अराजकता भी फैलाता है। समाज को नशामुक्त बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं, ताकि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सके।

भगत फूल सिंह राजकीय महिला आयुर्विज्ञान संस्थान के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील गर्ग ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को नशामुक्त बनाने के लिए उनकी दिनचर्या में बदलाव लाना जरूरी है। माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान की सहायक प्रोफेसर डॉ. ममता रानी ने नशामुक्त अभियान के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर डॉ. एपी नायक, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. परविंद्र कौर, डॉ. नूतन, डॉ. नितिका, डॉ. शीला, डॉ. प्रीति मौजूद रहीं।